BR>**Title:**Requests the Government to arrange proper supply of fertilizer in Uttar Pradesh and Bihar and need to check the black marketing.

श्री एच.पी.सिंह (आरा): अध्यक्ष महोदय, हमने आरा से भोजपुरी में एक चिट्ठी लिखी है कि सारे हिन्दुस्तान में सरकार की हंसी हो रही है। ६२ जिले भोजपुरी भाषा के उत्तर प्रदेश और बिहार में आधे-आधे आते हैं, मैं यहां के किसानो के बारे में कहना चाहता हूं। जौनपुर क्षेत्र कृषि से संबंध रखता है। फर्टिलाइजर और राशन, दोनों विभाग की जिम्मेदारी यहां मंत्री जी की है, लेकिन ये इतने ढीले चल रहे हैं ...

अध्यक्ष महोदय : आपने ब्रिज के बारे में नोटिस दिया है।

श्री एच.पी.सिंह : हम माफी चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप ऐसे नहीं बोल सकते हैं।

श्री एच.पी.सिंह : महोदय, फर्टिलाइजर बहुत महत्वपूर्ण है। प्याज और आलू के दाम बढ़ रहे हैं।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको ब्रिज नहीं चाहिए।

... (व्यवधान)

श्री एच.पी.सिंह : जब किसान ब्लैक में खरीदेगा तो ऐसी हालत में कैसे देश का किसान अपनी खेती की उपज बढ़ाएगा।

... (व्यवधान)

जब वह महंगी खाद लेगा और पानी महंगा होगा तो ऐसी हालत में किसान कैसे उपज बढ़ाएगा।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The Minister has already replied...
... (Interruptions)

श्री वीरेन्द्र सिंह (मिर्जापुर): महोदय, यह भोजपुरी में बोल रहे हैं। ... (व्यवधान)

श्री एच.पी.सिंह : महोदय, जब कृषि पर ध्यान नहीं दिया जाएगा तो देश की हालत बराबर खराब होती रहेगी।

... (व्यवधान)

मंत्री जी, जब तक किसानों को पूरा फर्टिलाइज़ नहीं पहुंचेगा तो कैसे किसान अपनी उपज को बढ़ाएगा।

... (व्यवधान)

खाने-पीने की चीजें किसान और मजदूर पर ही निर्भर करती हैं। यदि इन दोनों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे हिन्दुस्तान की हालत क्या होगी, यह आप स्वयं समझ सकते हैं।

... (व्यवधान)

जो कालाबाजारी करने वाले हैं उन्होंने देश की हालत खराब कर दी है इसलिए इसे रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

... (व्यवधान)